[Shri A. C. George]

accommodation will be made in the national interest, in the interest of the industry, when we frame the rules. I may again assure the hon. House that the employees, the fishermen and people who are engaged in this field will always be given representation and due consideration.

SHRI K. GOPAL (Karur) : The hon. Minister mentioned about 'big shots' Can he be more specific about it ? It seems, monopolies like India Tobacco, D. C. M. and Britannia are trying to enter this field. Can the Minister be specific about the 'big shots' ? May I also know whether definite steps will be taken to prevent people who have no connection whatsoever with this industry, entering the field ?

MR CHAIRMAN He said that all consideration will be given to the suggestions made by the hon. Members and utmost care will be taken

Now, the question is :

"That the Bill, as amended, be passed".

The motion was adopted

---

15 hrs.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd*

MR. CHAIRMAN : Now, we take up further consideration of the Motion of Thanks on the President's Address. Mr. Vajpayee

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : सभापति जी, राष्ट्रपति महोदय ने जिन शब्दों के साथ अपना अभिभाषण समाप्त किया है, मैं वहीं से प्रारम्भ करना चाहता हू "... महानता इस राष्ट्र का आवाहन कर रही है- वह महानता जो परम्परागत शक्ति-संचय द्वारा नही बल्कि आत्मिक बल से प्राप्त होती है।"

राष्ट्रपति महोदय के ये शब्द स्वयं मे बड़े मर्मस्पर्शी है इनमें निहित भाव अंतःकरण को आन्दोलित और अनुप्राणित करने की क्षमता रखते हैं। आत्मबल से प्राप्त होनेवाली महानता का आवाहन एक ही वाक्य में भारत के उज्ज्वल अतीत और उज्ज्वलतर भविष्य की झाकी प्रस्तुत कर देता है। भारत को महान बनना है इसमें सन्देह नही है। महानता हमारी नियति है, यह भी निर्विवाद है। हमारी महानता हथियारो के अम्बारों पर निर्भर नही होगी। यह भी एक ध्रुव सत्य है। लेकिन पता नही राष्ट्रपति के अभिभाषण मे महानता का आवाहन खोखला क्यो जान पड़ता है ? मालूम नहीं आत्मबल का उल्लेख पाखंड क्यों प्रतीत होता है।

सम्भव है इसका एक कारण यह हो कि जब महानता के आवाहन का उल्लेख हो रहा था तब केन्द्रीय कक्ष मे, राष्ट्रपति महोदय के ही सम्मुख विदेशीराजनीतिज्ञो की साक्षी मे इस सदन का सब से बडा विरोधी दल प्रधान मत्री को लोकतत्र की हत्यारिणी और फासिस्ट कह रहा था। आवाहन महानता का हो रहा था और प्रदर्शन उच्छृखलता का किया जा रहा था।

मार्क्सवादी मित्रों ने उस दिन जो कुछ किया उसकी प्रशसा नही की जा सकती। उनका आचरण आपत्तिजनक था। पश्चिम बगाल मे चुनावों मे धाधली के समाचारह मे भी मिले है। पश्चिम बगाल मे क्यो, अन्यत्र भी ऐसे तरीके अपनाए गए जिन के चलते चुनावों को सर्वथा निष्पक्ष और स्वतत्र नही कहा जा सकता। किन्तु यदि किसी दल को इस बारे मे अपना रोष या आक्रोष प्रकट करना था तो उसका स्थान राष्ट्रपति महोदय का अभिभाषण नही था, उस दल के सदस्य अभिभाषण के बाद इस सदन में आकर अपनी बात कह सकते थे। जनतंत्र में कहीं न कहीं तो मर्यादा की लक्ष्मण रेखा खींचनी पड़ेगी।

किन्तु क्या सत्तारूढ़ दल ने लक्ष्मण रेखाका उल्लंघन नहीं किया है ? क्या उसका आचरण आदर्श रहा है ? उस दिन राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के मध्य मे ही सत्तारूढ़ दल ने अपने को निर्वसन कर दिया। जब मार्क्सवादी सदस्य बाहर जाने लगे तो तालियां बज उठीं।

तालिया बजाने वाले पिछली बेंचों पर बैठने वाले ही नही थे। उनमे इस सदन की नेत्री, प्रधान मत्री भी शामिल थी। वे तालिया कह रही थी-अच्छा हुआ, बला टली। बहुत अच्छा हुआ, मुसीबत मिटी। तालिया बजाने वालो के बाद चेहरो पर विषाद या ग्लानि की छाया नही थी। उनके चेहरो पर सात्विक आक्रोश का आवेग भी नही था। एक अभिमान पूर्ण मुस्कान थी, ऐसी अभिमानपूर्ण मुस्कान जो विरोध का आदर करना तो दूर रहा उसे सहन करने की भी सहिष्णुता नही रखती।

आह्वान महानता का और आचरण लघुता का इसके और दो उदाहरण मैं प्रस्तुत करना चाहूगा। एक चुनाव के पहले का है, दूसरा बाद का। एक विजय की लालसा का है, दूसरा विजय के उन्माद का।

दिल्ली के कुछ प्रतिष्ठित नागरिको ने मयर चाला हसराज गुप्त के अभिनन्दन का समारोह आयोजित किया। यह समारोह राष्ट्रपति भवन मे होना था। समारोह की स्वीकृति ली जा चुका था, निमत्रण-पत्र बट गए थे, तैयारिया पूर्ण हो गई थी और कार्यक्रम 28 फरवरी को होना था। अचानक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया और कहा गया कार्यक्रम चुनाव के बाद 20 मार्च को होगा। लेकिन जब 20 मार्च निकट आया तो कहा गया कार्यक्रम अप्रैल मे होगा किन्तु अप्रैल की कोई तिथि नही दी गई। समारोह का आयोजन करने वाले समझ गए कि सरकार को यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन मे हो, यह पसन्द नही है। यदि ऐसा था तो कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन मे आयोजित ही क्यो किया गया और यदि आयोजित कर लिया गया था, उसकी स्वीकृति दे दी गई थी तो क्या वह कार्यक्रम यदि राष्ट्रपति भवन मे हो जाता तो राष्ट्रपति भवन की पवित्रता को कलक लग जाता? महानता की कसौटी पर इस आचरण को भी कसना होगा।

दूसरी घटना चुनावों के बाद की है। जयपुर मे जैन समाज ने नवनिर्वाचित विधान सभा सदस्यो के सम्मान मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया। उसमे अनेक दलो के सदस्य शामिल हुए। बाद मे सत्तारूढ़ दल के सदस्यों से जवाब तलब किया गया कि जैन समाज के साम्प्रदायिक मच पर क्यो गए? जनसघ विधायको के साथ क्यो बैठे? क्या जैन समाज का मच साम्प्रदायिक मच है? मुस्लिम लीग के साथ गलबहिया डाल कर केरल मे प्रेम की पीगे भरने वाले जैन समाज को साम्प्रदायिक कहे, इससे बडी बिडबना और क्या हो सकती है? जहा तक जनसघ वालो के साथ बैठने का प्रश्न है, क्या विरोध अब इस निकृष्ट और निम्न सीमा तक जायेगा? क्या सामाजिक क्षेत्र मे अस्पृश्यता का उन्मूलन करने के बजाय हम राजनातिक क्षेत्र मे नयी अस्पृश्यता का श्री गणेश करना चाहते है? क्या हमारा हृदय इतना सकुचित और सकीर्ण हो जायेगा?

राष्ट्रपति जी ने ठीक कहा है— महानता आह्वान कर रहा है। किन्तु महानता लाने का काम वे नही कर सकते जिनमे स्वय महानता का अभाव है। राष्ट्रपति जी ने ठीक कहा है- महानता आत्मबल से प्राप्त होगी, किन्तु आत्मबल जगाना उनके बूते का नही है जिन्होंने चुनाव जीतने के लिए आत्मबल के अतिरिक्त हर बल का उपयोग किया है।

क्या यह आश्चर्य का बात नही कि पश्चिम बगाल मे चुनाव के दौरान हुई हिसा तथा ज्यादती का औचित्य यह कह कर सिद्ध किया जा रहा है कि मार्क्सवादियों ने भी तो इस प्रकार का हिसा और जोरजबरदस्ती का आश्रय लिया था। मेरे मित्र स्टीफेन इस सदन मे मौजूद है—मुझे खेद है मै हिन्दी मे बोल रहा हू, उन्हे समझने मे कठिनाई जरूर होगी, लेकिन उनके भाषण का एक अश मैं रखना चाहता हू। उन्होने मार्क्सवादियो को सम्बोधित करते हुए कहा था :

> "When you start stoning you must be prepared for being stoned back. When you start stabbing you must be prepared to receive the stab back."

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

मुझे उनका यह भाषण सुनकर खेद हुआ। इससे अधिक खेद मुझे प्रो० हीरेन मुकर्जी के भाषण का अश पढ़कर हुआ। प्रो० हीरेन मुकर्जी कम्युनिस्ट पार्टी मे है लेकिन उनका व्यक्तित्व किसी पार्टी की सीमा मे नही बाधा जा सकता शायद वातावरण का असर ऐसा है कि उन्हे भी यह बात कहनी पड़ी। मै उन्ही के शब्दों को उद्धृत कर रहा हू :

> "When violence is practised by certain people, it is all right, but when violence is practised by certain other people, it does not seem to be all right"

श्री स्टीफन और प्राफेसर मुखर्जी, दोनो ने एक ही बात कही है कि पश्चिम बगाल मे जो कुछ हुआ ठीक हुआ क्योंकि मार्क्सवादियो के विरुद्ध वही हथकडे अपनाये गये जो मार्क्सवादियों ने पहले अपने विरोधियों के विरुद्ध अपनाये थे। इसका अर्थ यह हुआ कि हिसा का उत्तर हिंसा से दिया जायगा ? क्या हत्या का जवाब हत्या से दिया जायगा ? क्या आग को आग से बुझाया जायगा ? क्या महात्मा और मार्क्स के अनुयाइयों मे कोई अन्तर नही होगा? शिव को पूजते पूजते शिव बनने की बात तो शास्त्रों में कही गयी है, किन्तु मार्क्सवादियो से लडते लड़ते मार्क्सवादियो की सारी बुराइया अपने मे स्वीकार करने का दृश्य अभी दिखाई दे रहा है।

सभापति जी, यदि हिसा को हिंसा से जीतने की बात है तो राष्ट्रपति के भाषण मे आत्मबल की चर्चा करना बेकार है। यदि ईंट का जवाब पत्थर से देना है तो आत्मबल की दुहाई देना व्यर्थ है। पशुबल की पूजा करने वालों को आत्मबल का राग अलापना शोभा नहीं देता। यह पाखड बन्द होना चाहिये। चुनाव जीत लिये गये, सत्ता पर एकाधिकार कर लिया गया, अब आत्मबल का अलख जगाने की क्या आवश्यकता है ?

सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने बांगला देश के संदर्भ में कहा है कि जब बांगला देश के साढ़े सात करोड़ लोगों की आजादी और जिन्दगी खतरे मे पड़ गयी थी तब संसार के लोग आगा पीछा कर रहे थे। क्या भारत सरकार स्वय आगा पीछा नहीं कर रही थी ? क्या आठ मास तक वह हाथ पर हाथ रख कर नही बैठी रही? क्या यह सच नही है कि अपनी गिरफ्तारी से पूर्व ही शेख मुजीबुर्रहमान ने नई दिल्ली को सदेश भिजवाया था कि यदि भारत अविलम्ब मान्यता देने को तैयार हो तो वह बागला देश को स्वाधीन घोषित कर देगे। यह जानकारी मुझ बागला देश के एक नेता से प्राप्त हुई है, और मैं चाहूगा कि सरकार इस सम्बन्ध मे अपनी स्थिति को स्पष्ट करे।

चुनाव के दौरान बागला देश की मुक्ति का पूरा श्रेय प्रधान मत्री जी को देने का प्रयास हुआ। यदि मुक्ति का पूरा श्रेय उनको है तो कार्यवाही मे विलम्ब से जो लाखों लोगों की जानें गयी और हजारों बहनो की इज्जत लूटी गयी उसका कलक कौन लेगा ? चुनाव मे मुजीब की रिहाई का श्रेय सरकार ने लूटा, जबकि प्रधान मन्त्री को पता नही था कि शेख मुजीबुर्रहमान जीवित है या मृत। यहा तक कि जब समाचार आया कि मुजीब को लेकर हवाई जहाज अज्ञात स्थान को रवाना हो गया है तो उन्होंने लखनऊ मे कहा कि पता नही वह जिन्दा भी हैं या नही।

चूकि अब चुनाव समाप्त हो चुके हैं, सरकार को यह स्वीकार करने में सकोच नहीं होना चाहिये कि उसने बांगला देश में कार्यवाही करने में देर कर दी। गलतियां सबसे होती हैं, बड़े लोग बड़ी गलतियां करते है। किन्तु महानता का आवाहन करने वालों को उन्हे स्वीकार करने मे सकोच नही होना चाहिये।

भूतपूर्व सेनाध्यक्ष, जनरल कुमारमंगलम राजनीति में नहीं हैं, और न उनकी गणना प्रधान मंत्री के विरोधियों में की जा सकती है। उनका भी कहना है कि भारत ने बांगला देश में देर कर दी। एक लेख में उन्होंने लिखा है :

"गत वर्ष की घटनाओं, यथा शरणार्थियों की भारी संख्या, उनके पुनर्वास की मंहगी कीमत, गत आठ महीनों में मारे गये निर्दोष लोगों की विशाल संख्या, अनियमित सैनिकों से शस्त्र वापस लेने का प्रश्न, सीमा के दोनों ओर गलत हाथों में शस्त्रास्त्र चले जाने की समस्या आदि आदि का जब मैं विचार करता हूं तो मैं अब भी इसी निष्कर्ष पर पहुंचता हूं कि अप्रैल में कार्यवाही करना स्वयं हमारे लिये उपयुक्त रहता।"

जनरल कुमारमंगलम के विचार राजनीति से प्रेरित नहीं है, लेकिन उन्होंने एक विचार रखा है, एक दृष्टिकोण रखा है, उस दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये।

सभापति जी, बागला देश में कार्यवाही करने में देर की गयी है इसका उत्तर यह कह कर दिया जाता है कि बागला देश ने अपनी आजादी स्वयं अर्जित की है, हमने उसे तश्तरी में रखकर उन्हें भेंट नहीं किया। मैं बागला देश की जनता के त्याग और बलिदान तथा पराक्रम को कम करके देखना नहीं चाहता। यदि बागला देश के निवासी स्वयं स्वाधीनता की आवाज न उठाते और उसके लिये संघर्ष न छेड़ते तो हम लोग इच्छा होने पर भी उनकी कोई सहायता नहीं कर सकते थे। किन्तु यह भी एक तीखा तथ्य है कि बिना भारतीय सेनाओं के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बागला देश आजाद नहीं हो सकता था। इससे भी तीखा एक और तथ्य है कि बिना सोवियत समर्थन के हम इस युद्ध में विजय प्राप्त नहीं कर सकते थे।

यह भी एक कटु सत्य है कि एक तरफा युद्धविराम के मूल में सोवियत दबाव काम कर रहा था। यदि सोवियत दबाव नहीं था तो यह बताया जाय कि युद्ध विराम में इतनी जल्दी क्यों की गयी? क्या इस भय के कारण कि यदि युद्ध लम्बा चला तो कोई तीसरी ताकत कूद पड़ेगी? मैं जानना चाहता हूं कि युद्ध विराम का विचार सरकार के दिमाग में कब उपजा? ढाका के पतन और एक तरफा युद्ध विराम के एलान के बीच जो समय बीता उसमें साउथ ब्लाक में, मास्को में, वाशिंगटन में क्या हुआ? कौन से तार खटके? कौन सी नसें दबायी गयीं?

युद्ध विराम का औचित्य ठहराने के लिये यह कहना कि हम पाकिस्तान की जमीन नहीं चाहते थे इसलिये हमने एकतरफा लड़ाई बन्द कर दी, हास्यास्पद है। जमीन तो हम बांगला देश की भी नहीं चाहते थे। किन्तु वहां हमने तब तक लड़ाई बन्द नहीं की जब तक पाकिस्तानी सेना ने हथियार नहीं डाल दिये। यह नीति पश्चिम में क्यों नही अपनायी गयी। हमारी बहादुर सेना 17 दिसम्बर को रात में 8 बजे शकरगढ़ पर अंतिम प्रहार करने के लिये तैयारी कर रही थी। किन्तु उसी समय से युद्ध विराम लागू हो गया।

आज कहा जाता है कि संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। यह भी कहा जाता है कि जनता को जागते रहना चाहिये। किन्तु प्रश्न यह है कि पाकिस्तान को नया संकट पैदा करने लायक छोड़ा क्यों गया? पश्चिम में उसकी पराजय के लिये पग क्यों नहीं उठाये गये? यदि पाकिस्तान पुनः शरारत करता है तो इसके लिये सरकार जिम्मेदार होगी जिसने लड़ाई बन्द करने में जल्दबाजी दिखाई। जनरल मानेकशा ने कहा है कि यदि लड़ाई 5 दिन और चलती तो पाकिस्तान 25 साल के लिये ठंडा पड़ जाता।

सभापति जी, लड़ाई के मैदान में सेनायें खरी उतरीं, किन्तु कूटनीति के क्षेत्र में नेतृत्व की परीक्षा बाकी है। मैं चाहता हूं कि सरकार युद्ध बन्दियों की वापसी और जीते हुए क्षेत्रों को लौटाने के बारे में अपना मौन भंग करे, इस सदन को विश्वास में ले, देश को और अधिक अंधकार में न रखे।

जब से पाकिस्तानी राष्ट्रपति मास्को से लौटे हैं यह चर्चा चल पड़ी है कि क्रेमलिन

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

चाहता है कि भारत युद्ध बन्दियों की वापसी के प्रश्न को अन्य भारत-पाक सवालों के साथ न जोड़े। मैं नही जानता इसमें कहां तक सच्चाई है ? लेकिन अगर यह सच है तो यह बड़ी गम्भीर बात है और इस बात का संकेत है कि युद्ध के दौरान अपने ताश के सारे पत्ते भारत के पक्ष में रखने वाला रूस अब पुनः ताश खेलने की तैयारी कर रहा है और ताशकन्द की ओर आगे बढ़ रहा है।

जेनेवा कन्वेंशन के अनुसार युद्ध बन्दियों की वापसी तभी हो सकती है जब शान्ति की संधि हो जाय। किन्तु शान्ति की सन्धि तो दूर पाकिस्तान सेसेशन आफ ऐक्टिव हौस्टिलिटीज के लिए भी तैयार नही है। श्री भुट्टो ने प्रधान मंत्री के युद्ध न करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। वह काश्मीर पर आत्म निर्णय की रट लगाये जा रहे है। कभी युद्ध की धमकी देते है, कभी शान्ति का राग अलापते है। एक सांस में ठंडा और गर्म उगलते हैं। भारत को उनके झांसे मे नही आना चाहिये। युद्ध बन्दियों की वापसी का प्रश्न अन्य सवालो मे अलग करके नहीं देखा जा सकता। अन्य सवाल हैं :

एक तिहाई काश्मीर की वापसी, काश्मीर पर पाकिस्तान के आक्रमण की समाप्ति, युद्ध में और विस्थापितों की देख भाल पर जो खर्चा हुआ है उसका हर्जाना, निष्क्रान्त सम्पत्ति का निबटारा और 300 करोड़ रुपये के पुराने ऋण की अदायगी। इसके साथ ही पाकिस्तान को बंगला देश के पुनर्निर्माण का खर्चा भी उठाना होगा।

श्री भुट्टो इस समय कठिनाई में हैं। वे चाहते हैं कि भारत उनको कठिनाई में से निकाले। हमने उन्हें कठिनाई में नहीं फंसाया। वे स्वयं कठिनाई में फंसे हैं। लेकिन उन्हें कठिनाई में से निकालने के लिए भारत को स्वयं कठिनाई में नहीं डाल सकता। आज पाकिस्तानी राष्ट्रपति मानवता की बात कर रहे हैं। भुट्टो और मानवता ? दोनों में दूर का भी नाता नहीं है। जब बंगला देश में मानवता की हत्या की गई तब श्री भुट्टो याहिया खां के साथ ही थे। आज वे स्वयं को दूध का धुला साबित करना चाहते हैं। श्री भुट्टो भविष्य में क्या कर सकते है, इसको समझने के लिए उन्होंने अतीत में क्या क्या किया था, इसको स्मरण कर लेना काफी है।

प्रश्न यह नहीं है कि हमें युद्ध बन्दियों को छोड़ना चाहिये या नहीं छोड़ना चाहिये। प्रश्न यह है कि क्या हम युद्ध बन्दियों को छोड़ सकते है ? क्या हम सुरक्षा को खतरे मे डाल सकते हैं ? क्या बिना शान्ति की स्थायी सधि हुए केवल भुट्टो को बचाने के लिए हम युद्धबन्दियों के सवाल को अलग करके देख सकते हैं ? भारत को पूरा अधिकार है कि युद्ध बन्दियों के सवाल को स्थायी शान्ति की सधि के साथ जोड़े। यह हमारी सुरक्षा का मामला है। अन्तर्राष्ट्रीय कानून भी हमारे पक्ष में है। सरकार की परीक्षा की इस घड़ी मे कमजोरी नही दिखानी चाहिये। युद्ध के मैदान मे जो कुछ जीता गया है, उसे वार्ता की टेबल पर नही गंवाया जा सकता।

पाकिस्तानी युद्धबंदी भारत और बंगला देश दोनों के युद्ध बंदी है। उन्होंने संयुक्त कमान के सम्मुख आत्मसमर्पण किया है। पाकिस्तान के साथ युद्ध बंदियों के बारे मे वार्ता द्विपक्षीय नहीं होगी, त्रिपक्षीय होगी। जब तक पाकिस्तान बंगला देश को मान्यता नहीं देता, ढाका उसके साथ वार्ता कैसे कर सकता है।

जेनेवा कन्वेंशन 1949 का आर्टिकल 119 हमें तथा बंगला देश को अधिकार देता है कि जिन बन्दियों के विरुद्ध अभियोग है, उन पर मुकदमे चलायें और सजा पूरी होने तक उन्हें अपनी कैद में रखें। यदि श्री भुट्टो वस्तुतः सम्बन्धों को सामान्य बनाना चाहते है तो उन्हें संकेत के तौर पर एक छोटा सा काम करना चाहिये। उन्हें जनरल टिक्का खां को

बगला देश को सौप देना चाहिये जिससे हलाकू और हिटलर को मात करने वाले उस कसाई को कटघरे मे खड़ा किया जा सके। यदि श्री भुट्टो ऐसा नही करते है तो समझ लेना होगा कि उनके शान्ति प्रयास एक धोखा है। जैसे ही युद्ध बदी रिहा हुए और पाकिस्तान की धरती पर पहुचे, श्री भुट्टो अपना रग बदल जाएगे। हमे सोवियत रूस को भी समझाना चाहिये कि पाकिस्तान को चीन और अमरीका के चगुल म जाने से रोकने के लिए वह भारत का कीमत पर इस्लामाबाद म सम्बन्ध सुधारने का प्रयास न करे। यह 1972 है, 1965 नही। सरकार ताशकद की पुनरावृत्ति नही होने देने की घोषणा मे बधी हुई है। सरकार को अपने वचनो म मुकरने नही दिया जाएगा। जनता जवानो के बलिदान पर पानी नही फिरने देगी।

चनाव परिणामो ने प्रधान मन्त्री के हाथो मे असाधारण शक्ति और अधिकार रख दिए हैं। ब्रिटेन के एक पत्र ने उन्हे भारत की साम्राज्ञी के रूप मे पेश किया है। अब स्थिति यह है कि सारी सत्ता नई दिल्ली मे केन्द्रित हो गई है। प्रदेशो के मुख्य मत्री नई दिल्ली के इशारो पर चलते है। केन्द्रीय मत्री दिल्ली के दरबार मे दरबानो स अधिक हैसियत नही रखते। लाला दुर्गा दास एक प्रसिद्ध पत्रकार है। उन्होने, मत्रिमडल मे परिवर्तन की जो चर्चा हो रही है, उस पर टिप्पणी करते हुए कुछ लिखा है, उसका मै उद्धृत करना चाहता हू। वह कहते हैं :

> "The upper strata of bureaucracy is convinced that whoever be the new master, all decisions of consequence will have to get clearance from the Prime Minister's Secretariat"

प्रधान मत्री का सचिवालय एक समानान्तर मत्रिमंडल बन गया है। लेकिन इसमे कोई आश्चर्य की बात नही है। जब सारी सत्ता दो हाथो मे केन्द्रित हो तो इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता। किन्तु समदीय लोकतत्र की दृष्टि से इसे स्वस्थ विकास नही माना जा सकता। मत्री जनता के प्रतिनिधि है। वे इस सदन के प्रति उत्तरदायी है। लेकिन उनके सचिवो के सम्बन्ध मे यह बात नही कही जा सकती।

शिखर पर खड़ी प्रधान मत्री और उनके चरणो मे पड़े उनके सहयोगियो के बीच एक खाई पैदा हो गई है। एक पावर गैप है। उसे कैसे भरा जाएगा? क्या यह स्थिति एक व्यक्ति की तानाशाही के कायम होने का खतरनाक सम्भावनाओ से भरी हुई नही है? प्रधान मत्री ने कहा है कि ऐसा कोई खतरा नही है। उन्ही के शब्दो का मै उद्धृत करना चाहता हू :

> 'We (the Congress) had similar power many years before also Fascism could have developed then, if it had to, but it did not"

यदि फैसिज्म आना होता तो पहले भी आ सकता था। लेकिन तब नही आया। लेकिन तब और अब मे एक अन्तर है। तब साध्य के साथ साधना की पवित्रता पर भी बल दिया जाता था। उस समय यह भरोसा था कि जैसी भी स्थिति हो कुछ जीवन मूल्यो की बलि नही चढाई जाएगी। यह विश्वास था कि कैसी भी उत्तेजना हो, कमर के नीचे वार नही किया जाएगा। आज स्थिति सर्वथा भिन्न है। प्रधान मत्री के प्रशसक तथा विरोधी दोनो इस बात को जानते है कि अपने उद्देश्यो की पूर्ति के लिए प्रधान मत्री कुछ भी कर सकती हैं। इसी मे उनकी सफलता का रहस्य है। लेकिन इसी मे लोकतन्त्र के विनाश के बीज छिपे हुए है।

आज नई दिल्ली की हवा मे घुटन है, उन्मुक्त साम लेना सरल नही है। विरोध की आवाज उठाना बगावत समझा जाता है। जिसे देखो वही कमिटमेंट का बिल्ला लगाए घूम रहा है। किसके लिए कमिटमेंट? एक व्यक्ति के लिए या एक दल के लिए .....

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : सोशलिज्म।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : या सिद्धांतों के लिए, आदर्शों के लिए। मेरे मित्र श्री शशि भूषण कहते हैं प्रतिबद्धता चाहिये। सोशलिज्म के लिए। कौन सा सोशलिज्म ? एक सोशलिज्म कम्युनिस्ट देशों में भी है, लेकिन वहां व्यक्तिगत स्वाधीनता नहीं है। दुनिया में अनेक महान ऐसे देश हैं जिनमें जाने पर पहली बात यह कही जाती है कि अगर सरकार की आलोचना करनी है तो होटल के कमरे में बैठ कर मत करो, बाग में जा कर करो, हो सकता है कि होटल के कमरे में ऐसे यंत्र लगे हों जिनसे बातचीत को रिकार्ड किया जा सकता है। दुनिया में ऐसे समाजवादी देश भी है जहां साहित्यकारों पर मुकदमे चल रहे है, जहा कोई अपनी आत्मा की अभिव्यक्ति नही कर सकता है, जहां सरकार की आलोचना नहीं की जा सकती है। हम कैसा समाजवाद चाहते है, यह स्पष्ट होना चाहिये।

कुछ साहित्यकारों ने जिनमें श्री जे० स्वामीनाथन, निर्मल वर्मा, एम० गोविन्दन, श्रीकान्त वर्मा, गंगा प्रसाद विमल, कमलेश, रघुवीरदयाल आदि प्रतिष्ठित साहित्यकार, लेखक तथा पत्रकार शामिल हैं, एक वक्तव्य निकाल कर शिक्षा मंत्रालय को इस बात पर आड़े हाथों लिया है कि उसने दिसम्बर, 1971 में लेखकों कलाकारों तथा अन्य बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में हुए निर्णयों को तोड़मरोड़ कर प्रकाशित किया। मैं उनके वक्तव्य को विस्तार के साथ उद्धृत करना चाहता हूं। यह कन्वेंशन शिक्षा मंत्रालय ने बुलाया था। उस पर टिप्पणी करते हुए गण्यमान्य लेखक कहते है :

> "While the invitees to this convention were given to understand that a declaration will be formulated and adopted after a free and frank discussion, they were presented with a ready made draft full of sycophancy and political jargon. Even the amendments proposed and accepted to this draft were not incorporated in it and the draft itself was published and circulated by the Ministry of Education in the name of the participants. The declaration commits the Indian intellectuals to 'a solemn pledge' to unite in a so-called broad national cultural front and to use their creative talent for the realisation of certain political concepts. This attempt at defining creative commitment and subjugating it to the idea of a national cultural front is to say the least questionable in our democratic and pluralistic society. The use of the State bureaucratic machinery makes it all the more reprehensible."

अन्त मे लेखक कहते हैं :

> "During the last two decades a coterie of conformist intellectuals has emerged around various committees and cultural bodies and other Government aided institutions whose interests do not reflect in any way either the creative needs of the mass of intelligentsia or the cultural aspirations of the Indian people."

क्या यह आने वाला घटनाओं का संकेत है ? क्या प्रतिबद्धता के नाम पर चिन्तन की स्वाधीनता, अभिव्यक्ति की स्वाधीनता को रुद्ध किया जायेगा ? यदि ऐसा होता है, तो फिर लोकतंत्र के लिए जरूर खतरा पैदा होगा।

प्रधान मंत्री गरीबी हटाने चली थीं, किन्तु उन्होंने प्रतिपक्ष को हटाने में सफलता पाई है, जबकि गरीबी जहा की तहां है। मंहगाई बढ़ रही है। बेकारी काबू के बाहर जा रही है। विकास की दर गिर रही है। अन्न के मामले में आत्म-निर्भरता के बावजूद औद्योगिक क्षेत्र में मन्दी है।

प्रश्न यह है कि गरीबी कैसे हटेगी। अभी प्रधान मंत्री जी एफ० आई० सी० सी० आई० के अधिवेशन में बोलने के लिए गई थी। मैंने उनका भाषण पढ़ा है। उसका एक अंश मैं आपके सामने रखना चाहता हूं :

> "I must confess the path is not at all clear. We can make the path and bring about a qualitative change through your co-operation."

रास्ता स्पष्ट नहीं है, हम नया रास्ता बना सकते हैं, यदि इसका अर्थ यह है कि प्रधान मंत्री बंधी बंधाई लकीर पर नहीं चलना चाहतीं,

तो इसी में से संतोष निकाला जा सकता है। लेकिन यदि इसका अर्थ यह है कि क्या करना है, यह साफ नहीं है, और अगर कुछ नहीं किया गया और विरोध की आवाज उठी, तो अगर उसे यह कह कर दबाने की कोशिश की जायेगी कि यह प्रतिक्रियावाद की आवाज है, तो फिर यह लोकतंत्र के लिए एक गम्भीर खतरे का सूचक है।

क्या देश मे आर्थिक और सामाजिक प्रश्नों पर मतभेद नहीं होगा ? क्या गरीबी हटाने का एक ही मार्ग हो सकता है ? क्या समृद्धि लाने के रास्ते अलग-अलग नही हो सकते ? क्या लोकतंत्र में प्रमाणिक मतभेदों के लिए गुंजायश नही होगी ? जो भी विरोध करेगा, वह प्रतिक्रियावादी है और जो भी हां मे हा मिलायेगा, वह प्रगतिवादी है, वह कौन सी कसौटी है ? व्यक्तियों को नापने का यह कौन सा गज है ? क्या यह कांग्रेस पार्टी की शब्दावली है ? मेरे मित्र, श्री चन्द्रजीत यादव, यदि यह शब्दावली बोलें, तो मैं समझ सकता हू। लेकिन यह शब्दावली लोकतंत्र में नहीं चल सकती।

श्री शशि भूषण . जनसघ मे नही चल सकता।

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरेना) : इनकी समझ मे नही आयेगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : पता नहीं, किसकी समझ मे आ रहा है, किसकी समझ मे नही।

प्रधान मत्री जी ने एफ० आई० सी० सी० आई० की सभा में यह भी कहा कि हमे तीन चार साल में कुछ करके दिखाना होगा, अन्यथा हम सभी को उखाड़ फेंका जायगा। अभी से उखाड़ फेंकने की बात शुरू हो गई है। अभी तो प्रधान मंत्री चुनाव में जोती है। अब तो उन्हें कुछ करने का अवसर मिला है। अब कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। उद्योगपतियों से यह कहने का क्या अर्थ है कि अगर कुछ नहीं किया तो उखाड़ फेंका जायेगा ? जनता ने प्रधान मंत्री और उनके दल को कुछ करने की शक्ति दी है। अब वे कुछ करके दिखायें।

लेकिन एक बात मैं कहना चाहूगा। तीन चार साल का समय लम्बा है। जनता इतनी देर तक प्रतीक्षा नहीं करेगी। एक साल के भीतर कुछ करके दिखाना होगा। तीन काम हैं। बेरोजगारों को रोजगार, बेजमीनों को जमीन और बेघरों को घर। यदि इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ, तो, जैसा कि प्रधान मत्री जी ने कहा है, परिणाम भयंकर होंगे। किन्तु परिणाम लोकतंत्र के लिए भयंकर नहीं होंगे। जिनके हाथ मे सत्ता है, उनके लिए परिणाम भयकर हो सकते हैं। जहां तक लोकतंत्र की रक्षा का सवाल है, हम उसकी रक्षा के लिए लड़ेंगे और किसी भी कुर्बानी को बड़ा नही समझेंगे।

सत्तारूढ़ दल को प्रचंड बहुमत मिल गया, किन्तु फिर भी दलबदल का खेल जारी है। अब तो दल-बदल समाप्त हो जाना चाहिए। स्थिरता की बात करने वालों को राजनीति में कुछ स्थिरता का समावेश करना चाहिए। आज भी प्रतिपक्ष मे लोगों को अपनी ओर आकृष्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। मैं समझता हू कि जब तक दल-बदल को रोकने का कानून नहीं बनता, सत्तारूढ़ दल को ऐलान कर देना चाहिए कि न तो वह दल-बदल को प्रोत्साहन देगा और न वह दल-बदल करने वाले किसी व्यक्ति को अपने दल में प्रवेश देगा। यदि दल-बदल में सत्तारूढ़ दल का कोई निहित स्वार्थ नहीं है, तो उसे स्वयं पर इस प्रकार की रोक लगाने मे कोई संकोच नहीं होना चाहिए।

राजनीति पर पूजी हावी हो गई है। चुनाव इतने खर्चीले हो गये हैं कि कोई व्यक्ति अपने बल-बूते पर चुनाव नहीं लड़ सकता। लक्ष्मीपुत्रों की कृपा के बिना कोई भी दल चुनाव नही लड़ सकता। इस बार के चुनाव में इतना ही नहीं कि पूंजीपतियों से पैसे लिए गये, पूंजी-

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

पतियों को यह भी कहा गया कि इस दल को पैसा मत देना, अगर उसको पैसा दिया, तो परिणाम अच्छा नहीं होगा।

श्री शशि भूषण : फिर भी ले लिया।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : हम चुनाव जीतने के लिए किस सीमा तक जा सकते है, यह इसकी थोड़ी सी झलक है। आवश्यक है कि चुनाव कानून में क्रान्तिकारी संशोधन किये जायें। चुनाव कानून में संशोधन के लिए एक कमेटी बनी थी। उसने कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। हम पश्चिमी जर्मनी का तरीका अपना सकते है, जहां चुनाव का अधिकांश व्यय सरकार वहन करती है। यह व्यवस्था महंगी है। लेकिन लोकतंत्र भी कोई सस्ती प्रक्रिया नहीं है। यदि लोकतंत्र को पूंजी के प्रभाव से विकृत होने से रोकना है तो इस दिशा में गम्भीरता से सोचना पड़ेगा। यह ठीक है जिनके पास सत्ता है वह धन जितना चाहे बटोर सकते है, जिनके पास धन है वह धन जितना चाहे बांट सकते हैं। लेकिन इससे जनमत का स्पष्ट प्रकटीकरण नहीं होगा। "यह भी आवश्यक है कि ऐसी स्वस्थ परम्पराएं डाली जाय जिससे चुनाव दो दलों के बीच में हो, दल और सरकार के बीच में न हो। चुनाव में हम कांग्रेस पार्टी से नहीं लड़े, हम सरकार से लड़े। हैलीकोप्टर, वायुयान, आल इंडिया रेडियो पर प्रभात से ले कर रात्रि तक प्रधान-मंत्री के नाम का पारायण, सिनेमा के पर्दे पर प्रचार की परिसीमा, प्रतिपक्ष में बैठने वाले दल का इसका मुकाबिला कैसे कर सकते हैं? मैं जानता हूं इसके लिए यदि सत्तारूढ़ दल में से ही आवाज उठती है और उठेगी तो स्वस्थ परम्पराएं डाली जा सकती हैं। क्या आल इंडिया रेडियो पर सब दलों को समय नहीं दिया जा सकता? क्या वाहनों की सुविधा सब दलों को उपलब्ध नहीं की जा सकती? लोकतंत्र परम्पराओं से चलता है। आज आप के हाथ में सारी शक्ति आ गई। मोनोपली हर क्षेत्र में खराब है मगर सत्ता की मोनोपली खराब नहीं है, उसका हमारे मित्र स्वागत करेंगे? लेकिन इतनी सत्ता आई हैं तो जिम्मे-दारी भी आई है कि कुछ अच्छी परम्पराए डालिए।

सभापति जी, हरयाणा के मुख्य मंत्री के विरुद्ध 102 विधायकों ने राष्ट्रपति जी को एक स्मृति-पत्र पेश किया। समद् सदस्यों ने भी उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग की। मगर जांच नहीं कराई जा रही है। पंजाब में अकाली दल के मंत्रियों के विरुद्ध जांच आरम्भ हो गई। बन्दीकर के खिलाफ प्रधान मंत्री ने सार्वजनिक रूप से निन्दात्मक शब्द कहे . .

एक माननीय सदस्य . सदन में उन्होंने इसका खण्डन किया कि नहीं कहे उन्होंने ऐसे शब्द।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अगर खण्डन किया तो मैं अपनी बात वापस लेता हूं। मैं सदन में नहीं था। मुझे पता नहीं।

लेकिन चौधरी बंसी लाल के खिलाफ सब प्रमाण और भ्रष्टाचार के तथ्य राष्ट्रपति को समर्पित करने के बाद भी जांच न करने का कारण क्या है? क्या कारण है कि भ्रष्टाचार हरयाणा की परिधि को पार कर के नई दिल्ली को भी स्पर्श करने लगा है? मेरा निवेदन है कि जो सत्ता मिली है उसमें भ्रष्टाचार के लिए गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। अपने भी दल का व्यक्ति हो तो उसके विरुद्ध प्रधान मंत्री को कठोर रवैया अपनाने के लिये तैयार रहना चाहिए।

डा० कैलाश (बम्बई दक्षिण) : कुछ बजट पर भी बोलिए।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : यह बजट नहीं है। उनको यही पता नहीं कि किस चीज पर चर्चा हो रही है। वह कह रहे हैं कि बजट

पर बोलो। यह बजट नहीं है, राष्ट्रपति का अभिभाषण हैं।

राष्ट्रपति जी, मैं एक बात कह कर समाप्त कर दूंगा। मेरे पास शिकायतें आई हैं आंध्र में नेशनल डिफेंस फंड एकत्र करने में अनियमितता बरती गई है। मुझे आंध्र में नेशनल डिफेंस फंड की ऐसी रसीदें दिखाई गयीं जिन पर कोई नम्बर नहीं था। रुपया इकट्ठा किया जा रहा हैं। बिना नम्बर की रसीदें बांटी जा रही है। रुपया राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में जा रहा है या किसी के व्यक्तिगत कोष में जा रहा है? मैंने ऐसी भी रसीदें देखी कि जिन पर डा० संजीव रेड्डी के दस्तखत है, वह काट दिए गए, ब्रह्मानन्द रेड्डी के दस्तखत है उन्हें भी काट दिया गया और फिर आज के मुख्य मंत्री नरसिंह राव के दस्तखत की मोहर है। हम राष्ट्रीय सुरक्षा निधि वसूल करने जाते हैं और नई रसीदें नहीं छपा सकते? मैंने इस सम्बन्ध में पत्र लिखा वित्त मन्त्री श्री चह्वाण को। उन्होंने उत्तर दिया कि यह मामला मेरे अधीन नहीं है, प्रधान मन्त्री जी के अधीन है। और प्रधान मन्त्री जी को पत्र का उत्तर देने का समय नहीं है। मै जानता हूं उनके ऊपर बहुत बोझ है। मगर नियति ने, भाग्य ने लोकतंत्र के भविष्य को बनाने और बिगाड़ने का भार भी प्रधान मंत्री के हाथों में रख दिया है। आज वह कसौटी पर कसी जा रही है। देखें यह सरकार खरी उतरती है या नहीं? .....
(*Interruption.*)

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru): On a point of information for him.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I am not yielding.

SHRI K. SURYANARAYANA: Through you, I want to tell him for his information....

MR. CHAIRMAN: He is not yielding.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उनको बोलना हो तो बाद में बोलें। उन्होंने मेरे विचारों की धारा तोड़ दी। वह शायद आन्ध्र की सफाई दे रहे थे। मगर मैं आन्ध्र को छोड़ कर नई दिल्ली में आ गया हूं। मुख्य मंत्री का विचार मत कीजिए, प्रधान मंत्री की चर्चा कीजिए। भाग्य ने उनके हाथ में असाधारण अधिकार रख दिए हैं। लोकतंत्र को बनाने और बिगाड़ने की क्षमता उनके पास आ गई है। वह कसौटी पर कसी जा रही है। यह सरकार परीक्षा में से गुजर रही है। चुनाव में कौन दल हारा, इसका बड़ा महत्व नहीं है। हम लोकतंत्रवादी हैं, चुनाव का निर्णय स्वीकार करते हैं। लेकिन आज किसी दल का भविष्य दाव पर नही लगा है, लोकतंत्र का भविष्य दांव पर लगा है। यदि हम लोकतंत्र को चिरस्थायी बना सके तो फिर राष्ट्रपति का महानता का आह्वान कुछ सार्थकता रख सकता है। यदि आत्म-बल की केवल बात करना ही है और आत्म-बल का आचरण नहीं करना हैं तो यह पाखंड राष्ट्र का निर्माण नही करेगा, यह पाखंड राष्ट्र के विनाश का मार्ग प्रशस्त करेगा।

SHRI K. SURYANARAYANA: With your permission, I want to enlighten the House on one point. Shri Atal Bihari Vajpayee has referred to the issue of receipts for the National Defence Fund with the signature of Shri Sanjiva Reddy and other friends. The Andhra Government has recently announced that those receipts also were valid. They have already accounted for them. The Chief Minister has also contradicted this, but the House may know that these are accounted for.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: The hon. Member has accepted that there are receipts without numbers. That was the point which I wanted to make. He has confirmed it.

SHRI C. M. STEPHEN: I wanted to make a submission by way of personal explanation. My hon. friend, Vajpayeeji, when he was speaking, misrepresented me and my speech.....

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I quoted from your speech.

SHRI C. M. STEPHEN: .....as an attempt to defend violence and conceding that there was violence on our part. I only want

[Shri C. M. Stephen]

to clarify the position so that it is on record. What I said was, "Assuming but without conceding"; assuming for argument's sake that there was violence, I said that anybody else might have any complaint but the Marxist Communist Party, which is believing in violence [*An Hon. Member*: No.] and is propagating violence, had absolutely no right to complain about violence. That is what I said. And I said that for the Marxist Communist Party, who say that they stand by Mao's doctrine of power by the barrel of the gun, to come and wail that there was violence against them was cowardice. That is what I said. This was the point I made. I never conceded that there was violence on our part and I never defended the Government for that. I only said, "Assuming but not conceding."

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : I accept his explanation.

डा० कैलाश : मैंने बजट की बात कही थी, वह सबकी गलतियां निकाल रहे थे, मैंने कहा कि कुछ बजट पर भी बोलें, बजट की भी गलतियां निकालें, तो हंसने लगे।

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा) : सभापति जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव के अनुमोदन के लिये खडा हुआ हू। यह अनुमोदन मैं इसलिये नहीं कर रहा हूं कि मैं उस पार्टी का सदस्य हू, बल्कि मैं यह महसूस करता हूं कि पिछले वर्ष सरकार ने जो कुछ किया है, उससे हमारे राष्ट्र की जो खोई हुई प्रतिष्ठा है, वह पुनः प्राप्त हुई है, अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में उसका सम्मान और गौरव बढ़ा है, उसकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। इसके लिये हमारी फौजें, हमारे जवान, हमारे देश के अफसरों के तो हम ऋणी हैं ही, लेकिन हम जनता के सहयोग के भी आभारी हैं। परन्तु मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सही कहा है कि राजनीतिक राजनयिक तथा सैन्य सम्बन्धी नीति और निर्णय में सरकार ने जो विवेक और नेतृत्व का परिचय दिया है, प्रशासन के सभी स्तरों पर जो प्रभावकारी कार्य संचालन हुआ, उसके लिये सरकार और उसकी नेता इन्दिरा जी बधाई के पात्र हैं।

अभी इस सम्बन्ध में हमारे विरोधी दल के नेता श्री अटल बिहारी जी बाजपेयी फरमा रहे थे कि सरकार ने बगला देश के सम्बन्ध में जो निर्णय लिया, उसने विलम्ब किया। उसका नतीजा यह हुआ कि लाखों लोगों की जानें गई और देश को बहुत बड़ा आर्थिक बोझा उठाना पड़ा। यद्यपि श्री अटल बिहारी जी इस समय सदन में मौजूद नही है, लेकिन मैं उनको आपके माध्यम से कहना चाहता हू कि सरकार ने जो निर्णय लिया, उसकी परिपक्वता के बारे में वह निर्णय कसौटी पर खरा उतरा है, यह घटनाचक्र ने सिद्ध कर दिया है। यदि अटल बिहारी जी और इनके दल की सरकार होती और इन्होंने बगला देश की मान्यता का जो नारा दिया था, यदि उस वक्त सरकार ने ऐसा किया होता तो मैं यह कह सकता हू कि शायद देश का बेड़ा गरक हो गया होता। इसलिये मै कहना चाहता हू कि भले ही . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। सदन मे गण-पूर्ति नही है।

सभापति महोदय : घन्टी बज रही है. . . . अब कारम हो गया है। आप अपना भाषण जारी रखें।

15.55 hrs.

[SHRIMATI SHEILA KAUL *in the Chair*]

श्री नवल किशोर शर्मा : मैं कहना चाहता हूं कि महानता की बात करने वाले अटल बिहारी जी खुद जरा अपने दिल पर हाथ रख कर टटोलें। आज वह कहते हैं कि देश के गौरव का बखान नहीं हो सकता जो इन्दिरा जी ने बढ़ाया है, इसको वह स्वीकार नहीं कर सकते और इसीलिये वे इधर-उधर की बातें करके देश का ध्यान बंगला देश में जो हमारी

नीति की सफलता रही है, उससे हटाना चाहते हैं। वह अभी फरमा रहे थे कि जब बंगला देश की लड़ाई हो रही थी, उस लड़ाई के बाद शान्ति स्थापना की एक-तरफा घोषणा क्यो की गई। वह यह भी कह रहे थे—मानेकशा और दूसरे लोगो के स्टेटमेन्ट्स को काट करते हुए—यदि पाच दिन बगला देश और पश्चिमी पाकिस्तान के मोर्चे पर लड़ाई और चली होती तो पाकिस्तान की सैन्य-शक्ति चकनाचूर हो गई होती। मै कहना चाहता हू—अटल बिहारी जी और उन जैसा सोचने वाले उनके दल के सब सदस्यो से—बगला देश के बारे मे हमारी जो भावना थी, उसका एक निश्चित कार्यक्रम था। हम बगला देश मे इसलिये नही गये थे कि हम पाकिस्तान को हमजोर करना चाहते थे, हम पाकिस्तान की सैन्य-शक्ति को भी तोड़ना नही चाहते थे। हमारा उद्देश्य था—बगला देश मे प्रजातन्त्र और दूसरे जो सिद्धान्त है, उनकी रक्षा करना। हमने बगला देश को आजाद करा कर हमारा जो सिद्धान्त था, उसको पूरा किया। और उसको पूरा करने के बाद हमारा इरादा पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस करने का नही था, हमारा इरादा लिमिटेड था, हम विस्तारवादी नीति के समर्थक नही थे, इसीलिये जब हमने अपना उद्देश्य पूरा कर लिया, तो हमने पश्चिमी पाकिस्तान मे युद्ध बन्दी की घोषणा कर दी। मैं यह भी कहना चाहता हू कि युद्धबन्दी की घोषणा को, उसकी खूबसूरती को यह कह कर खत्म कर दिया जाय कि रशियावालों ने हम पर दबाव डाला, इसलिये इन्दिरा जी ने मजबूर होकर युद्ध-बन्दी की एकतरफा घोषणा की, इस तरह की बातें विरोधी दल के एक सम्मानित नेता को शोभा नही देती है। इससे देश की प्रतिष्ठा बढने के बजाय घटती है। यह दलों का सवाल नही है, यह राष्ट्र का सवाल है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि अटल जी जहा महानता की बात करते है, उन्हें महानता का आचरण भी करना चाहिये।

इसी सम्बन्ध में मैं यह निवेदन करना चाहता हू कि प्रोफेसर दण्डवते और अटल जी ने चुनावो की चर्चा करते हुए उसकी निष्पक्षता पर सन्देह व्यक्त किया है। मै एक बात कहना चाहता हू—हमारे देश मे भले ही कुछ भी कहा जाय, लेकिन इतना बड़ी दुनिया के सबसे बड़े इस प्रजातन्त्र मे जितना निष्पक्षता से चुनाव होते है और होते आये है, दुनिया के इतिहास मे किसी भी देश म नही हुए हैं और इसके लिये हमारी सरकार मुबारकबाद की हकदार है। इतना ही नही, मै आपके माध्यम से, सभापति जी, एक बात और कहना चाहता हू—इस देश मे सन 1947 मे कांग्रेस को सत्ता मिली, कांग्रेस ने सत्ता प्राप्त करने के बाद 26 जनवरी, 1950 को जनता के हाथों मे दे दी। इन चुनावो के परिणामस्वरूप अगर कोई बात सिद्ध हुई है तो यह सिद्ध हुई है कि लोकतन्त्र जनता के हाथो मे सुरक्षित है। भले ही आज हमारे विरोधी दल के लोग यह कहे कि आज इन्दिरा जी के पास अपरिमित शक्ति आ गई है, आज वह डिक्टेटर होने जा रही है, भले ही आज इन्दिरा जी के बारे मे राज-दरबार की सज्ञा दी जाय लेकिन मैं यह कहना चाहता हू कि इन बातों को करके हमारे विरोधी दल के दोस्त सही स्थिति को जाचने मे भी जा रहे है। असल बात यह है कि विरोधी दल के लोग अपनी कमजोरियो को खुद पहचानना नहीं चाहते, उनको समझना नही चाहते। खुद उनका जो विरोध है वह अनप्रिसिपल्ड है, उनका कोई सिद्धान्त नही है। अनप्रिसिपल्ड विरोध करने वाले लोगों की यही गति होती है। मै चाहूगा कि वे स्वीकार करें इस बात को कि उन्होने गल्तिया की है, जनता उनको रिजेक्ट करती है, जनता उनको पसन्द नही करती है और उसका दोष देते है इदिरा जी पर और इदिरा जी के साथ-साथ कांग्रेस दल पर। मैं कहना चाहता हू कौन रोकता है आपको? आप आत्मनिरीक्षण करे, अपनी गल्तियों को पहचानें, अपनी नीतियों का पुनरावलोकन करें। यह सही है कि देश मे स्वस्थ प्रजातन्त्र के लिए, स्वस्थ सरकार के लिए मजबूत विरोधी दल का होना आवश्यक है लेकिन उसके लिए आप अपने आपका आत्मनिरीक्षण करें।

[श्री नवल किशोर शर्मा]

16 hrs.

इन शब्दो के साथ जहा मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हू वहा मैं कुछ बातो की तरफ ध्यान भी दिलाना चाहता हू । इस अभिभाषण मे कुछ कमिया भी रही हैं । मैं कहना चाहता हू हमने चुनाव मे तीन नारे दिए थे—एक नारा दिया था गरीबी हटाओ, दूसरा नारा दिया था बेकारी दूर करो, तीसरा नारा दिया था अन्याय हटाओ । इन तीनो बातो के बारे मे, राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है उसमे स्पष्ट सकेत नही किया गया है । देश मे आज बेकारी का एक बहुत बडा सवाल है । हजारो नही, लाखो नहीं, करोडो लोग बेरोजगार है । उनको एक नयी आशा और एक नया विश्वास बधा था सरकार के कार्यक्रमो से, इदिरा जी की घोषणाओ से लेकिन राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे इस तरफ कोई टाइम-बाउड प्रोग्राम की ओर इशारा नही किया गया है । केवल मात्र बजट मे कुछ प्रावधान रखे गए और वह बजट के प्रावधान भी ऐसे रखे गए जिनको स्वय वित्त मन्त्री जी ने अपने बजट भाषण के अवसर पर स्वीकार किया था कि कार्यक्रमो के अभाव म यह सारी धनराशि खर्च नही की जा सकी—यह सरकार की असफलता का द्योतक है । आज जब देश मे भयकर बेरोजगारी हो तो सरकार का यह कहना कि कार्यक्रमो के अभाव मे इन कार्यक्रमो को लागू नही किया जा सका—यह अपने आप मे एक खेदजनक स्थिति है ।

इसके साथ साथ मैं निवेदन करना चाहता हू कि अन्याय मिटाने का नारा भी हमने दिया था । गावो की हालत आप देखें तो उनकी हालत बहुत खराब है । आज गावो मे रहने वालो के लिए पीने का पानी नही है । खेतो के लिए बिजली नही मिलती है । रास्ते और सडको की बात तो क्या करू, रास्ते भी ठीक नही है । दूसरी ओर आप शहरो की हालत देखें कि गगन-चुबी अट्टालिकायें बनती जा रही है । शहर के लोगो के लिए, शहर के उद्योगपतियो के लिए मुफ्त मे सस्ते दामो पर बिजली मिलती है । हर तरह की सुविधा उनको है । हमारे देश की एकोनामी की आधार कृषि है लेकिन उसकी उपेक्षा की जा रही है । आज हालत यह है

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति महोदय, सदन मे गणपूर्ति नही है ।

सभापति महोदय माननीय सदस्य अपना स्थान ग्रहण करें । घटी बजाई जा रही है कोरम हो गया है । माननीय सदस्य मेहरबानी करके एक मिनट म ही अपना भाषण समाप्त करें ।

श्री नवल किशोर शर्मा गावो की जो हालत है उसकी तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है । पचायतराज और कम्युनिटी डेवलपमेंट के जरिए से जो गावो मे विकास की थोडी बहुत रफ्तार शुरू हुई थी वह भी पिछले पाच-सात साल मे बिल्कुल बन्द हो गई है । आज स्थिति यह है कि गाव जहा के तहा है । तो मेरा निवेदन यह है कि अन्याय मिटाने के लिए, समाज के पिछडे हुए लोगो का ऊचा उठाने के लिए, देश म गरीबो की हालत सुधारने के लिए यह जरूरी है कि ऊच नीच की बात कम की जाय और गावो की तरफ ध्यान दिया जाये । समाज के पिछडे हुए लोगो का और समाज के ऐसे लोगो की जो अब तक पददलित रहे हैं उनके बारे मे भी कोई ठोस कार्यक्रम बनाने के सम्बन्ध मे राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण मे कोई सकल्प नही किया है । तो मै आपके माध्यम से कहना चाहता हू कि यह सही है कि हमारी उपलब्धिया पिछले साल काफी रही हैं । हमने अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र के अलावा राष्ट्रीय क्षेत्र मे भी काफी प्रगतिशील कदम उठाए हैं । हमने वह आधारशिला रखी है जिसके जरिए से राष्ट्र समाजवाद के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है । लेकिन इसके बावजूद भी कमिया हैं । हमारे राष्ट्रपति के अभिभाषण मे एक साफ और स्पष्ट निर्देश होता, कोई टाइमबाउड प्रोग्राम होता लेकिन उसके अभाव मे यह अभिभाषण अधूरा है ।

इन शब्दो के साथ मे इस अभिभाषण का समर्थन करता हू और उम्मीद करता हू कि इस ओर स्पष्ट इगित किया जायेगा जो कमिया मैंने बताई है । धन्यवाद ।

SHRI INDULAL YAJNIK (Ahmedabad) : I join friends on this side of the House in supporting the Motion of Thanks to the President for the speech that he has delivered I will not review the events of the year that has passed, like our friend Mr A B Vajpayee.

It is necessary, at the moment, to deal with more pressing questions that face us today My predecessor just now had drawn attention to certain lacuna in the President's speech

We have to look at the realities of the situation to which we cannot just close our eyes There is the spiralling increase of the prices of foodgrains and other necessities of life You go to the market and you find that foodgrains are coming into the market and other necessities of life are coming into the market and yet the prices are rising The stocks are there but the prices are rising The only thing here is, it is due to the manipulation of the markets for which the big grain dealers and the big capitalists are responsible. It is they who increase the price, who are not loyal to the people of this country

Take sugar for instance There is a hallaballoo about the rising price of sugar Why was it ? It is said that Government has made the mistake in allowing sugar barons to raise the price. They also reduced quantities available for the foodgrain shops and the result is that big commotion all over India is caused Very dirty expressions have been used against the Government by saying that sugar barons have been fleeced to the tune of millions of rupees with a view to getting support for the election fund and that is why they have been given the permission to increase the price of sugar.

श्री हुकम चन्द कछवाय सभापति महोदया, सदन मे कोरम नही है ।

MR. CHAIRMAN : The bell is being rung. Now there is quorum. He may continue.

SHRI INDULAL YAJNIK : It is one thing to lay down time-bound programmes, but it is another thing to see that the policies and programmes and laws that have already been adopted are actually carried out in practice

I have recently found the Secretary to the Ministry of Industrial Development, Shri B. B Lal offering on a silver platter the licences or permits for installing whole plants to British capitalists, that is, for installing plants producing all kinds of things in this country This is putting our industrial resolution in the reverse gear Since the time of Jawaharlal Nehru, we have been adopting a policy of swadeshi and of self-reliance as far as possible in the department of industries But here now, we find that a big Secretary is offering any amount of facilities to foreign capitalists to make nonsense of a resolution that has been adopted and has been in operation for all these years

Again, take the case of the Monopoly Commission The Monopolies and Restrictive Trade Practices Act has been passed And yet what do I find ? I find that perhaps more permits and licences have been issued to monopolists after the law was passed than probably was done before the law was passed How does this happen ? I would request Government to inquire into this matter I have no doubt that the big secretaries and ICS officers are playing ducks and drakes with the whole course of our policy

Now, because there have been some mistakes committed in giving licences to those who did not deserve them under the new Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, there is an attempt to change the definition of monopoly. I do request Government to appoint a commission or a committee to reconstitute and re-condition the whole structure of the civil service I am sorry to say that the civil service has not been true and loyal friends of the poor and the down-trodden It is they who do run the day-to-day administration of the country It is they who are responsible many times for giving licences and permits to people who do not deserve them Therefore, I do request that more special attention should be given to the new construction and constitution of the civil service. In fact, it is necessary to instil a dose of socialism into the structure of the civil service. The civil servants of tomorrow should know some-

[Shri Indulal Yajnik]

thing about socialism, something about the new economic trends in the world and should be able to help and guide this Government in taking to the new path that has been adopted by this Government and by this House

Then I do believe that we are quite right in adopting the policy of nationalisation. We have nationalised banking and the President has said that we are going to nationalise general insurance by a legislative enactment. But I am sorry to see that nationalisation does not give us revenues. We were told that during the Third Plan period we would get Rs. 400 crores from the profits of nationalised industries We have yet to get this amount ; meanwhile, more and more nationalisation is proceeding. I welcome it. I do believe that under socialism, all big instruments of production, distribution and exchange should be brought under the control of society, under the control of Government which represents the society. But I am sorry to see that something is wrong with our nationalised industries. They do not give us revenues.

